आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.03.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले समय में सेमीकंडक्टर विनिर्माण में एक वैश्विक केंद्र और उद्योग चार दशमलव शून्य में अग्रणी बनने के लिए तैयार है।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू कीं।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने कल डॉलीगंज के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया ।
- वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के वित्त अनुपात के निर्धारण के लिए राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले समय में सेमीकंडक्टर विनिर्माण में एक वैश्विक केंद्र और उद्योग चार दशमलव शून्य में अग्रणी बनने के लिए तैयार है। वे कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सवा लाख करोड़ से अधिक की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योगों का लाभ युवाओं को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ जुड़ने के लिए सुदृढ़ हो रहे हैं और इस क्षेत्र में इस तरह के उद्योग स्थापित करने के बारे में पहले कभी किसी ने नहीं सोचा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया कोविड महामारी के बाद एक विश्वसनीय और लचीली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला भागीदार की खोज में है, तब ऐसे समय में भारत ने सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में स्वयं को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने कहा कि चिप निर्माण भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की ओर ले जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि चिप निर्माण हमारे देश के युवाओं के लिए असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेगा, जो देश की तीव्र प्रगति से आश्वस्त हो रहे हैं। देश में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रयासों के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने व्यापार

करने में आसानी पर ध्यान केंद्रित किया है और चालीस हजार से अधिक पुराने अनुपालनों को समाप्त कर दिया है। यह देश का पहला वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब होगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू कीं। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने नेटवर्क के माध्यम से दोनों लोक प्रसारकों ने देश के हर कोने में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन देकर सभी लोगों तक जानकारी पहुंचाई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले आठ दशकों से आकाशवाणी सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान इसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। श्री ठाकुर ने कहा कि न्यूज़ ऑन ए आई आर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि समाचार पत्र और समाचार नेटवर्क हमेशा कई स्रोतों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रसार भारती शब्द, संशोधित वेबसाइट और ऐप, समाचार संगठनों और लोगों तक सूचना प्रसारित करने में लाभदायक होंगे।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने कल डॉलीगंज के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा कर विद्यार्थियों और कर्मियों से मुलाकात की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से मतदान प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मतदान सूची में जिनके नाम दर्ज है वे ही मतदान कर सकते हैं, इसके लिए वे मतदाता सूची में अपने नामों की जांच करें। अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार, जिन्होंने अपना नाम अब तक दर्ज नहीं कराया है, वे वोटर हेल्पलाइन ऐप, आयोग के पोर्टल या निशुल्क नम्बर एक नौ पांच शून्य पर जाकर चुनाव से संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से चुनाव का पर्व देश का गर्व में भागीदार बनते हुए अपने परिवार और पड़ोसियों को मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारतीय चुनाव आयोग के विभिन्न ऐप की भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के वित्त अनुपात के निर्धारण के लिए राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कृषि निदेशक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न प्रकार की मौसमी फसलों के अलावा मछुवारों के लिए किसान क्रिडिट कार्ड और पशु–पालन क्षेत्र के लिए वित्त अनुपात के निर्धारण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ओंमकार नाथ ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कृषि निदेशक विक्रम सिंह ने कृषि क्षेत्र विशेषकर किसान क्रिडिट कार्ड और पशु–पालन तथा मत्स्यकी के क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए और इससे किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संबंधित कृषकों को इसका लाभ देने को कहा। बाद में समिति ने वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के वित्त अनुपात को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में स्थापित सुविधा केन्द्र को मायाबंदर ज़िला कार्यालय, रंगत के सहायक आयुक्त कार्यालय और डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कार्यालय के शिकायत कक्षों के साथ फोन के जरिए जोड़ा गया है। इस केन्द्र के माध्यम से ज़िले के नागरिक अब फोन पर ही अपनी बाते, प्रतिक्रिया और चुनाव से जुड़ी विभिन्न जानकारियां हासिल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के लक्ष्मी नगर पंचायत के अधीन गांधीनगर गांव में स्वास्थ्य और देखभाल केन्द्र सड़क मरम्मत और रखरखाव का कार्य पूरा किया गया है। इस कार्य पर सोलह लाख रूपए खर्च किए है।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के ओ बी सी मोर्चा के अध्यक्ष आर के राज ने कल भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रेम नगर क्षेत्र में बैंक का ए टी एम स्थापित करने का अनुरोध किया ताकि क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके। मुख्य प्रबंधक ने इस दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय डिजीटल पशुधन मिशन के अंतर्गत पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा अनुबंध के आधार पर आई टी रिर्सोस पर्सन के दो पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए है। आवदेक का इंजीनियरिंग में स्नातक या कम्प्यूटर साइन्स या आई टी क्षेत्र में स्नातकोत्तर तथा न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव होना

चाहिए। चयनित उम्मीदवार को पच्हत्तर हजार रूपए की एक मुश्त राशि दी जाएगी। योग्य उम्मीदवार विभाग की वेबसाइट में जाकर तीस मार्च तक अपना आवेदन कर सकते है।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोज़गार आधारित जन कल्याण पोर्टल लॉच करने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपने पहले पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी के नेशनल एक्शन फोर मैकेनाइज़ड सेनिटेशन इको सिस्टम के तहत सफाई मित्रों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पी पी ई किट वितरित करने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के फरारगंज तहसील में चुनाव के तैयारियों की समीक्षा करने के समाचार को– इंफो इंडिया ने अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। रंगत के निवासियों द्वारा हेलीकॉप्टर सेवा की मांग करने के समाचार को– अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है।

**<><><><><><><>**